Reg. No. :- JH-11-0004329

# अपेम लाइव न्यूज

(Art, Agriculture, Press & Education, Health Management)

(अपेम ट्रस्ट के अंतर्गत बरही से संचालित एवं प्रसारित, Reg. No. :- 2020/BAR/80/BK/01)

APEM LIVE NEWS सच का साथी

दैनिक संध्या डिजीटल अखबार | सच का साथी | दिनांक 17-01-2022 | अंक 117

Website- www.apemlive.com संपर्क सूत्र :9550809864,9431129570,9934337941,8969504178 Email Id- liveapem@gmail.com

## न्युज ब्रीफ

### अज्ञात वाहन के चपेट में आने से युवक घायल, रेफर

**अपेम लाइवः बरही**

बरकट्ठा प्रखंड अंतर्गत बरकट्ठा निवासी अजमत अंसारी अज्ञात वाहन के चपेट में आने से गंभीर रूप से घायल हो गए। प्राप्त जानकारी के अनुसार अजमत अंसारी बरकट्ठा से धरगुल्ली जा रहे थे। इसी क्रम में अज्ञात वाहन ने उसे अपने चपेट में ले लिया। आस पास के लोगों ने घायल युवक को बरही अनुमंडलीय अस्पताल में भर्ती कराया। जहाँ से प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए सदर अस्पताल हज़ारीबाग़ रेफर कर दिया गया।



### आज का पंचांङ्ग----

आज का अंग्रेजी दिनांक :---18.01.2022
शुभसंवत् :---2078(आनंद)
शके:---1943
सौम्यायन याम्यगोलः
ऋतु:---शिशिर
माहः---माघ
पक्षः---कृष्ण पक्ष
तिथिः---प्रतिपदा तिथि
दिनः---मांगलवार
नक्षत्रः---पुष्य नक्षत्र
योगः---विषकुम्भ
करणः---वा
सूर्योदय :---प्रातः 06:41
सूर्यास्त : संध्या 05:19
सूर्य :---मकर राशि में
चंद्रमा :---कर्क राशि मे
आज का राहूकाल दिन :---03:00 बजे से दिन :---04:30 बजे तक
अभिजीत मुहूर्तः---दोपहर 11:36 से 12:24 तक
(नोटः---कोई भी नया और शुभ कार्य जिस कार्य से चिरकाल तक लाभ लेना हो ऐसे प्रत्येक कार्य को अभिजीत मुहूर्त में प्रारंभ करना चाहिए यह अभिजीत मुहूर्त हरिकवती प्रिये है वहीं राहुकाल में कोई भी शुभकार्य प्रारंभ नही करना चाहिए। वहीं बुधवार को अभिजीत मुहूर्त में सभी कार्य वर्जित माना जाता है)
आज का पर्व त्यौहार, मुहूर्त व खासः---आज हनुमान चालीसा का सात पाठ करने से सभी मनोकामना पूर्ण होता है।



आलेख :
संदीप शर्मा
(वास्तु, कर्मकाण्ड व कुंडली परामर्श)
पुजारी--माँ भद्रकाली मंदिर इटखोरी, चतरा
सम्पर्क सूत्र-9931585660

# कोरोनाकाल में आरबीआई के द्वारा उद्यमियों को रियायत देने से संबंधित आदेश का पालन नही कर रहा है ज़ियाडा

## बरही में संचालित उद्यमियो के संगठन मैन्युफैक्चरर्स एसोसिएशन बरही ने ज़ियाडा के एमडी को लिखा पत्र

## आरबीआई के गाइड लाइन का हवाला दे चक्रवृद्धि ब्याज व पलेंटी नही लगाने का किया अनुरोध

**अपेम लाइव : बरही**

कोरोनाकाल में आरबीआई के द्वारा जारी गाइड लाइन के तहत उद्यमियों को रियायत देने का निर्देश सभी बैंकों एव वितीय संस्थानों को दी गई है। जिसमे कहा गया है कि कोरोनाकाल मार्च 2020 से अगस्त 2021 तक के बीच इंस्टालमेंट एवं ब्याज दर पर रियायत दी जाय। यदि मूलधन एवं ब्याज नही चुकाया गया हो तो उस पर चक्रवृद्धि ब्याज या किसी तरह का पलेंटी नही लगाते हुए एक इंस्टालमेंट की संख्या बढ़ा दिया जाय। ताकि कोरोनाकाल में उन्हें उद्यम चलाने में किसी भी तरह की परेशानी न हो। साथ ही अतिरिक्त आर्थिक बोझ नही पड़े। लेकिन इस आदेश का पालन झारखण्ड औद्योगिक विकास प्राधिकार( जियाडा) के द्वारा नही किया जा रहा है। उक्त आरोप बरही में संचालित उद्यमियों के संगठन मैन्युफैक्चरर्स



**पीके गर्ग**
**(अध्यक्ष, मैन्युफैक्चरर्स एसोसिएशन बरही)**

एसोसिएशन बरही ने लगाया है। इस बाबत मैन्युफैक्चरर्स एसोसिएशन बरही के अध्यक्ष पीके गर्ग ने जियाडा के प्रबंध निदेशक को पत्र लिखकर रियाडा क्षेत्र में संचालित उद्यमियों की समस्या से अवगत कराया है। उन्होंने कहा है कि ज़ियाडा 5 प्रतिशत ब्याज दर पर उन्हें बरही जमीन उपलब्ध कराई है। कोरोनाकाल में कई उद्यम बंद रहे। कई का नियमित संचालन नही हो पाया। फिर भी सरकारी निर्देशानुसार अपने कर्मियों को वेतन एवं अन्य भत्ते देने पडे। उद्यमियों की परेशानी को देखते हुए आरबीआई ने अपने पत्रांक RBI/2019-20/186 दिनांक 27.03.2020 के तहत सभी बैंकों एवं वित्तिय संस्थानों को रियायत देने का गाइड लाइन जारी किया है। इसके बाद भी बरही रियाडा प्रक्षेत्र में संचालित उद्यामियों से अतिरिक्त 15 प्रतिशत चक्रवृद्धि ब्याज चार्ज किया जा रहा है। साथ ही पलेंटी चार्ज भी लिया जा रहा है। जिसके कारण बरही के उद्यमीयों पर आर्थिक बोझ बढ़ रहा है। जिसके वजह से हमारे उद्यमी उद्यम चलाने में असहज महसूस कर रहे हैं। उद्यमियों के संगठन एमएबी ने मुख्य सचिव एवं मुख्य मंत्री से मांग किया है कि मार्च 2020 से जनवरी 2022 तक आरबीआई के निर्देशानुसार किसी तरह की चक्रवृद्धि ब्याज एवं अन्य पलेंटी शुल्क नही लगाया जाय। साथ ही बकाया इंस्टालमेंट को रिसिड्यूल किया जाय। चूंकि बैंकों का ब्याज दर कम हो गया है तो जमीन लीज पर तय ब्याज की राशि 5 प्रतिशत में कटौती कर कम किया जाय। ताकि हम उद्यमियों को उद्यम चलाने में कोई परेशानी न हो। पीके गर्ग ने कहा कि हम उद्यमियों को कोरोनाकाल में काफी आर्थिक क्षति हुई है लेकिन हमारी समस्या पर झारखण्ड सरकार ध्यान नही दे रही है। जिसका दूरगामी दुष्परिणाम देखने को मिल सकता है। झारखण्ड का औद्योगिक विकास प्रभावित होगा। इस पर झारखण्ड सरकार को ध्यान देनी चाहिए।

# आरओआईएस के छात्रों ने परीक्षा पे चर्चा में भाग लिया

**अपेम लाइवः बरही**
**सोनु पंडित/ बिरेन्द्र कुमार**



परीक्षा पे चर्चा 2018 से हर साल आयोजित होने वाला एक वार्षिक कार्यक्रम है। इस आयोजन के दौरान भारत के प्रधान मंत्री देश भर के छात्रों, शिक्षकों और अभिभावकों के साथ बातचीत करते हैं, और आराम से और तनाव मुक्त बोर्ड प्रवेश परीक्षा लेने के लिए अपने ष्मूल्यवान सुझावष साझा करते हैं। तौर - तरीका। इस साल फिर से छात्रों को स्कूल बंद करने की उसी समस्या का सामना करना पड़ रहा है। लेकिन महामारी की स्थिति हमारे छात्रों के उत्साह को रोक नहीं पाई। इस गतिविधि में उक्त विद्यालय के कक्षा 9वीं और 10वीं के विद्यार्थियों ने भाग लिया। इस परीक्षा पे चर्चा में करीब 50 छात्रों ने हिस्सा लिया। यह साबित करता है कि छात्रों को उनके लक्ष्यों को प्राप्त करने से कोई नहीं रोक सकता। इसमें दसवीं कक्षा के सुलेखा, रानी, सपना, रूपा, बबली, आर्यन, प्रदीप, अतुल, तस्लीम, बबलू, प्रिंस और अन्य ने भाग लिया। वहीं




ऋतिका, महक, आकांक्षा, अनुज, आजाद, चंदन, चांदनी, फैसल, फरीदा, ज्योति, लाईबा, मो. शमीम, प्राची, रोहित, राजेंद्र, स्नेहा, शंकर, शकील, तनवीर, जीनत आदि ने 9वीं से हिस्सा लिया. कहा स्कूल। प्रधानाचार्य ए के सिंह ने कहा कि स्कूल हमेशा अपने सभी छात्रों के समग्र विकास के लिए समर्थन करता है। उन्होंने सभी प्रतिभागियों को व्यक्तिगत रूप से बधाई दी और उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। इसके अलावा शिक्षक आलोक कुमार, संजय रविदास, पवन कुमार, सुनील कुमार, प्रशांत कुमार, शिव पाठक, शेरोन थ०मस, सिमी सिंह, पल्लवी कटारियार, रीता पाठक, रिंकू कुमारी, उषा देवी, लक्ष्मी कुमारी और सुभाषिस पाइन ने भी सभी प्रतिभागियों को बधाई दी. और उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

# चौथी गाँव पहुँचे अरुण साहू, कहा किसी के साथ अन्याय नहीं होने देंगे

**अपेम लाइवः चौपारण**

चौपारण थाना अंतर्गत चौथी गाँव पहुँचे काँग्रेस नेता अरुण साहू । वहीं आपसी विवाद में हुए मामले को लेकर अवगत हुए। मौके पर लोगों ने मामले से अवगत कराते हुए कहा कि जिनकी भी गलती है उनकी जल्द गिरफ्तारी किया जाए, ताकि गांव में शांति का माहौल बना रहे। नहीं तो कभी भी किसी तरह की अप्रिय घटना घट सकती है। वही कांग्रेस नेता अरुण साहू ने कहा कि आपलोगों को डरने की जरूरत नहीं है। किसी के साथ अन्याय नहीं होगा, जिसने भी गलती किया है उसकी गिरफ्तारी होगी और वह जेल जाएगा। वहीं उन्होंने प्रशासन से मांग किया कि जल्द इस मामले को में संज्ञान लेते हुए कार्यवाही



करें ताकि गांव में शांति का माहौल कायम रहे। मौके पर अरुण साहू के साथ मुखिया छोटन ठाकुर, बबलू साहू, कुलदीप सोनी, सनी गुप्ता, संदीप पांडेय व ग्रामीणों में अनु साहू, सुखदेव पासवान, उमेश ठाकुर, सोनू दांगी, तेजनारायण साहू, बिक्की भुईया, दिनेश कुमार, संदीप कुमार साहू, दयानंद दांगी, विक्की चौरसिया, बैजनाथ, जितेंद्र कुमार, विक्की कुमार, केतु दांगी, मनोज दांगी, विनोद दांगी, विशंभर कुमार, संतोष साहू, केदार ठाकुर, गणेश शर्मा, कालू शर्मा, घमंडी ठाकुर, मदन ठाकुर, लोकेश रविदास, सोनू रविदास, प्रवीण कुमार रविदास, पप्पू साव, गणेश कुमार, नारायण साव, विनोद रविदास, पिंटू रविदास, श्याम दांगी, पांडे भुइँया, अशोक पासवान, बबली रविदास आदि मौजूद थे।

डेस्क प्रभारीः बिरेन्द्र कुमार | सहयोगीः सोनू पंडित, | एडिटिंग- धनंजय कुमार | मैनेजिंग डायरेक्टरः डॉ० अनिल कुमार

दिनांक: 17-01-2022

सच का साथी

# अपेम लाइव न्यूज

बरही से प्रकाशित एवं संचालित डिजीटल न्यूजपेपर



## उत्तर प्रदेश नेशनल आर्ट प्रदर्शनी वा कंपटीशन में जूनियर ग्रुप के विजेता टिंकु, त्रिपाठी रंजन, वा अंशिका सिंह रहे

## गोरखपुर के सांसद महोदय श्री जयप्रकाश निसाद के द्वारा विजेताओं को पुस्कार से सम्मानित किया गया

**अपेम लाइवः हजारीबाग**
**अमरजीत कु0 सिंह**



आजादी काअमृत महोत्सव एवं चौरी-चौरा शताब्दी महोत्सव राज्य ललित कला अकादमी उत्तर प्रदेश ने नेशनल आर्ट प्रदर्शनी वा कंपटीशन का आयोजन 15 और 16 जनवरी को किया गया। जिसमे से कई अलग-अलग राज्यों से कलाकरो ने इस नेशनल आर्ट प्रदर्शनी और कंपटीशन में भाग लिया। बता दे की सीनियर ग्रुप के टॉप 3 विजेता रहे आरोपित (पटना) से, वर्तिका सिंह (फैजाबाद) से अमृता सिंह (लखनऊ) से जूनियर ग्रुप के टॉप 3 विजेता टिंकु कुमार (हजारीबाग झारखंड) से अंशिका सिंह (अयोध्या) से त्रिपाठी रंजन (गोरखपुर) से इन सभी विजेताओं के अकाउंट पर भारत सरकार द्वारा सीनियर ग्रुप को 5100 ₹, जूनियर ग्रुप को 3100 ₹ वेजा जायेगा। सभी विजेताओं को मुख्य अतिथि गोरखपुर के सांसद महोदय श्री जय प्रकाश निसाद वा साधु बैजनाथ के द्वारा पुरुस्कार से सम्मानित किया गया। सभी विजेताओं को उज्वल भविष्य की शुभकामनाए दिए। इस कार्यक्रम के आयोजक रहे कमल जायसवाल,निर्देशक महिमा सिंह और इस कार्यक्रम को सफल बनाने में संदीप सिंह,शिवेंद्र प्रताप ने योगदान रहा।

## अपनी ही जमीन पर गृह निर्माण करने से रोक रहे हैं दबंग, करमा का है मामला, प्रशासन से न्याय की गुहार

## सीओ ने एसडीएम से किया दंडाधिकारी प्रतिनियुक्ति की आग्रह,




**अपेम लाइवः बरही**
**सोनु पंडित/ बिरेन्द्र कुमार**



मलकोको पंचायत के करमा निवासी परमेश्वर पंडित पिता रामचंद्र पंडित को अपनी ही जमीन पर गृह निर्माण से कुछ दबंग लोग रोक रहे है। इस बाबत उन्होंने सीओ एवम एसडीओ से न्याय की गुहार लगाई है। सीओ ने अपनी जांच रिपोर्ट का हवाला देते हुए एसडीओ से दंडाधिकारी की प्रतिनियुक्ति का आग्रह किया है। उन्हा. ने एसडीओ को भेजे पत्र में जिक्र किया है कि खाता संख्या 17, प्लॉट संख्या 124 रकबा 1.11 एकड़ जमीन भूदान पर्चा से प्राप्त है। जिसका पर्चा संख्या 546095 दिनांक 12 जुलाई 86 है। भूदान पर्चा संख्या 546095 का सत्यापन भूमि सुधार उप समाहर्ता बरही के पत्रांक 383/रा0 दिनांक 21 अक्टूबर 2021 के द्वारा की गई है। जिसमे बताया गया है कि वर्णित भूमि मौजा कर्मा खाता संख्या 17 प्लॉट संख्या 124 रकबा 1.11 एकड़ एवम प्लॉट संख्या 39 रकबा 2.36 एकड़ जमीन का सत्यापन भूमि सुधार उप समाहर्ता कार्यालय बरही में संधारित है। इसके बाद भी आवेदक परमेश्वर पंडित द्वारा बताया गया कि जब भी अपने जमीन पर गृह निर्माण करने जाते हैं तब प्रेम सिंह एव अन्य 14 लोग मारपीट कर जान से मारने की धमकी देता है। आवेदक ने तत्काल दंडाधिकारी एव पुलिस बल के साथ गृह निर्माण कराने में सहयोग करने की मांग की है।

## स्वामी विवेकानंद कोचिंग में प्रतियोगिता परीक्षा का आयोजन, सफल विद्यार्थियों को किया गया पुरष्कृत

**अपेम लाइवः बरही**
**सोनु पंडित/ बिरेन्द्र कुमार**



पुरस्कृत हुए छात्र व उपस्थित शिक्षक

बरही प्रखंड अंतर्गत गुडियो में संचालित स्वामी विवेक. ानंद कोचिंग सेंटर में प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें कक्षा नौवा, दसमा, एवं ग्यारहवी के विद्यार्थी शामिल हुए। प्रतियोगिता में सफल विद्यार्थियों को सम्मानित के लिए कार्यक्रम आयोजन किया गया। जिसमें बतौर मुख्य अतिथि बरही पूर्वी जीप प्रतिनिधि मो क्यूम, मुखिया दशरथ यादव, शिक्षक हिमांशु कुमार बमबम, भीम राव अम्बेडकर पब्लिक स्कूल के प्राचार्य गुलाब दास, रोहित यादव एवं शंकर दास शामिल हुए। कार्यक्रम में शामिल सभी अतिथियों ने अपना अपना विचार को रखा। वहीं प्रतियोगिता में सफल हुए विद्यार्थियों में कक्षा नोवा में प्रथम पुष्पा कुमारी, द्वित्य प्रदीप कुमार, तृतिय स्थान पार्वती कुमारी कक्षा दसवीं से प्रथम स्थान रंजीत कुमार, द्वित्य स्थान कृष्णा कुमार, तृतिय स्थान कुसुम कुमारी वहीं ग्यारहवी से प्रथम स्थान प्रीति कुमारी, द्वित्य स्थान रानी कुमारी, तृतिय स्थान पुजा कुमारी शामिल है। सभी सफल प्रतिभागियों मुख्य अतिथियों के द्वारा मेडल एवं पुरुस्कार देकर सम्मा. नित किया गया।

## वेतन ना मिलने पर थाना में दिया आवेदन

**अपेम लाइवः बरही**
**सोनु पंडित/ बिरेन्द्र कुमार**

वोडाफोन, आईडिया एवं टाटा कंस्ट्रक्शन में कार्यरत धर्मेंद्र कुमार पिता लालदेव सिंह ने बरही थाना में आवेदन देते हुए कहा कि मैं विगत 15 साल से इस कंपनी में कार्यरत हुँ। मेरा कार्य बरही से बगोदर तक फाइबर केबल देख रेख का है। जिसे मैं ईमानदारी पूर्वक करता आया हुँ। लेकिन वर्तमान समय मे लगभग 8 महीना से मुझे वेतन नही दिया गया है। जिससे हमारे घर की आर्थिक स्थिति काफी खराब हो गई है। जब मैं अपने बकाया वेतन मांगने गया तो कंपनी के इंचार्ज आलोक वर्मा कहते है कि तुम इस कंपनी में काम करके मेरा एहसान नही कर रहे है। पैसा मांगना छोड़ दो अगर नही तो केबल चोरी करने के षडयंत्र में तुमसे उल्टा कंपनी पैसा लेगी। वहीं उन्होंने थाना में आवेदन देते हुए कहा कि मुझे वेतन दिलाने की कृपा प्रदान करे। वहीं बरही के वरिष्ठ समाजसेवी संजय यादव ने कहा कि इस कंपनी में कार्य कर रहे जो भी मजदूर है। उन्हें उनका वेतन मिलना चाहिए यह उन मजदूरों का अधिकार है।

## ब्रह्मा कुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय की ओर से मानयी गई ब्रह्मा बाबा की 53 वीं स्मृति दिवस

**अपेम लाइवः बरही**
**सोनु पंडित/ बिरेन्द्र कुमार**



स्मृति दिवस मनाते ब्रह्मा कुमारी से जुड़े लोग

पटना रोड बरही में संचालित सेवा केंद्र प्रजापिता ब्रह्मकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय में ब्रह्मा बाबा की 53 वी स्मृति दिवस मनाया गया। सेंटर में आई भाई बहन ब्रह्मा बाबा को फूल अर्पित किए। बीके रीना बहन ने बताया कि ब्रह्मा कुमारी के लिए जनवरी माह मैडिटेशन का विशेष माह है। इस से जीवन मे दिव्य ज्ञान, आनंद, खुशी प्रेम, सुख, शांति, पवित्रता और शुद्धता आती है। मौके पर ज्योति बहन, सोनी बहन, राखी बहन, कामिनी माता, सुमन माता, सुनीता माता, रीना माता, सबिता माता, सहदेव भाई एवं कारू भाई मौजूद थे।



सच का साथी

# अपेम लाइव न्यूज

बरही से प्रकाशित एवं संचालित डिजीटल न्यूजपेपर

## लव कुमार के हत्यारों को फाँसी देने की माँग को लेकर निकाला कैंडल मार्च

अपेम लाइव : गिरिडिह
रोहित कुमार

जमुआ थाना क्षेत्र के चचघरा निवासी रामकुमार शर्मा का एकलौता पुत्र लव कुमार प्रभाकर उर्फ राजा का अपहरण कर उसकी हत्या कर दी गई । इसको लेकर गिरिडीह जिला के सभी तबकों में काफी आक्रोश है । रविवार को इसको लेकर राष्ट्रीय नाई महासभा द्वारा झंडा मैदान गिरिडीह से लेकर टावर चौक तक कैंडल मार्च निकाला गया । मार्च में सैकड़ों लोगों ने भाग लिया । मार्च का नेतृत्व जिला अध्यक्ष नन्दलाल शर्मा ने किया । कैंडल मार्च में आम आदमी पार्टी झारखंड प्रदेश के प्रदेश प्रवक्ता कृष्ण मुरारी शर्मा ने कहा कि कमजोर समझकर अपरा. धियों ने रामकुमार शर्मा के एकलौता वारिस को खत्म कर दिया । जिला प्रशासन से हमारी माँग है कि जल्द से जल्द अनुसंधान कर दोषियों को फांसी के फंदे तक पहुँचाया जाए । जिला अध्यक्ष नन्दलाल शर्मा ने कहा कि नाई जाति को लोग कमजोर समझकर हमला कर रहे हैं । किसी का फिरौती के लिए हत्या तो किसी की जमीन लूट ली जा रही है । उन्होंने कहा कि समय आ गया है एकजुट होकर मुँहतोड जवाब देने का । भाजपा नेता रामशंकर शर्मा ने कहा कि दबे कुचले लोगों के साथ ही ऐसी घटना ज्यादा होती है । इस घटना के मास्टर माइंड को पुलिस शीघ्र ढूँढ निकाले । सभी लोगों ने पुलिस की तत्परता की सराहना भी किया । कैंडल मार्च में मंगरोडीह पंचायत के मुखिया साठू ठाकुर, भा. जपा नेता रामशंकर शर्मा, राजद नेता नाथो ठाकुर, गणेश ठाकुर, हीरा देवी, बिनोद शर्मा, अधिवक्ता रविन्द्र शर्मा, रामकुमार शर्मा, श्याम कुमार शर्मा, पप्पू कुमार शर्मा, राकेश ठाकुर, प्रकाश शर्मा, जगत शर्मा, अर्जुन ठाकुर, गणेश ठाकुर, मोहन शर्मा, रितेश कुमार, बसंत कुमार, मो. हनलाल शर्मा, प्रदीप शर्मा, समेत कई लोग शामिल थे



कैडल मार्च मे शामिल लोग

## 23 को बरकट्ठा बाजार में रक्तदान शिविर

अपेम लाइव : बरकट्ठा
सुनील कुमार




बरकट्ठा बाजार रोड स्थित काली मंदिर परिसर में 23 जनवरी नेताजी सुभाष चन्द्र बोष की जयंती के अवसर पर विश्व हिंदू परिषद व बजरंग दल के द्वारा रक्तदान शिविर का आयोजन किया जा रहा है शिविर में रेडक्रॉस की टीम के द्वारा रक्तदान की प्रक्रिया पूरी की जाएगी इस बाबत रक्तदान शिविर के संयोजक अजय मोदी ने बताया पिछले कई वर्षो से बरकट्ठा में युवकों के द्वारा रक्तदान किया जा रहा है इसी के निमित इस वर्ष भी रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया है शिविर को सफल बनाने के लिए विहिप प्रखण्ड अध्यक्ष संजय यादव ने सभी ग्रामीणों व स्वयंसेवको से अपील की है कि बड़ी संख्या में रक्तदान कर जरूरतमंदो के जीवन को बचाए रक्तदान से बड़ा कोई दान नही शिविर सफल बनाने को लेकर विश्व हिंदू परिषद प्रखंड अध्यक्ष संजय यादव, सुनील श्रीवास्तव अजय मोदी, मंत्री सत्यम भारती, बजरंग दल संयोजक बिनोद प्रसाद, धर्म प्रचार प्रमुख धीरज गुप्ता,अखाड़ा प्रमुख अनुज यादव, रामचन्द्र चौधरी, चंदन श्रीवास्तव, संतोष गुप्ता,सौरव कुमार विकाश कुमार, सत्संग प्रमुख महेश्वर प्रसाद, टिंकू साव, कृष्णा कुमार, छोटन कुमार, मंटू कुमार, अनिल कुमार पिंटू कुमार, सूरज कुमार, रामेश्वर पासवान, लक्ष्मण प्रसाद, मुन्ना दास, बिट्टू मोदी, विक्की चंद्रवंशी, चंदन मोदी, आनंद श्रीवास्तव, रोहित यादव, शंकर प्रसाद,बीरेंद्र शर्मा संतोष कुमार गुप्ता प्रचार प्रसार अभियान में लगे हुए हैं ।

## मतदाता सूची विखंडन को लेकर डीपीआरओ ने गावां में किया बैठक

अपेम लाइव : गांवाँ
मुजाहिद अली

गावां, गिरिडीह : गावां प्रखंड मुख्यालय के सभागार में सोमवार को मतदाता सूची विखंडन को लेकर बीएलओ एवं पंचायत सचिव के साथ बैठक किया गया। बैठक में मुख्य रूप से जिला पंचायती राज पदाधिकारी उपस्थित थे। उन्होंने बताया कि त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव को लेकर मतदाता सूची में विखंडन का कार्य किया जा रहा है। आज के बैठक में अब तक मतदाता सूची विखंडन के लिए जो भी कार्य किया गया उन सभी कार्यो का पुनरीक्षण किया गया और आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए। बताया कि मतदाता सूची में किसी तरह का त्रुटि नही रहे और बेहतर ढंग से काम हो इसलिए समय समय पर बैठक कर जायजा लिया जाता है। जल्द ही मतदाता सूची विखंडन का कार्य पूर्ण करने का निर्देश दिया गया ताकि बिना किसी त्रुटि के मतदाता सूची का प्रकाशन किया जा सके। मौके पर बीपीआरओ संजय कुमार समेत सभी पंचायत सेवक एवं बीएलओ उपस्थित थे।


बैठक मे शामिल अधिकारी व ग्रामीण

## चौताडीह में मॉडल स्कूल निर्माण योजना का शिलान्यास विधायक सुदिव्य कुमार सोनू द्वारा किया गया

अपेम लाइव : गिरिडिह
रोहित कुमार

गिरिडीह विधायक ने बताया कि गिरिडीह विधानसभा में कुल 3 मॉडल स्कूल बनने हैं जिसमे से एक चौताडीह कस्तूरबा विद्यालय भी है। श्री सोनू ने कहा कि इस मॉडल स्कूल के बनने से सीबीएसई पैर्टन के आधार पर पढ़ाई की बेहतर सुविधाएं विकसित की जा रही हैं और अगर यह मॉडल और प्रयोग कामयाब रहा तो इसका अनुकरण बाकी विद्यालय में भी आने वाले दिनों में किया जा सकता है जिससे पूरे शिक्षा व्यवस्था दुरुस्त हो सके वहीं संवेदक मनीष सिंह उर्फ बंटी सिंह ने कार्य को गुणवत्तापूर्ण करने की बातें कही। मौके पर जिलाध्यक्ष संजय सिंह, गौरव कुमार, अजय झा, अनिल राम, मो डबलू, मो पप्पू, यादव, गोविंद यादव, शिक्षा विभाग के अधिकारी विष्णु यादव समेत उपस्थित रहे।


मॉडल स्कुल का शिलान्यास करते विधायक व अन्य

## मवेशी के टकराने से गिरा बाइक सवार, सीएचसी गावां में किया गया इलाज

अपेम लाइव : गांवाँ
मुजाहिद अली

गावां थाना अंतर्गत गावां तीसरी मुख्य सड़क पर हड़हाड़ा गांव के पास अचानक सड़क पर मवेशी आ जाने से एक बाइक सवार असंतुलित होकर गिर गया जिसमें बाइक पर सवार एक महिला गिरकर घायल हो गयी। बताया जाता है कि नगवां निवासी मुन्नी देवी पति वीरेंद्र साव अपने पुत्र के साथ बाइक पर सवार होकर लंगटा बाबा मेला मिर्जागंज से अपना घर नगवां आ रही थी। इसी दौरान अचानक हड़हड़ा गांव के पास सड़क पर मवेशी के आ जाने से बाइक असंतुलित हो गया जिससे बाइक पर सवार दोनों व्यक्ति गिर गए। घटना में मुन्नी देवी घायल हो गयी जिसे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र गावां ले जाया गया जहां डॉ हबीबुल्लाह खान ने प्राथमिक उपचार कर उसे घर भेज दिए। डा० ने बताया कि घायल महिला को सर में चोट लगी है।





सच का साथी

# अपेम लाइव न्यूज

बरही से प्रकाशित एवं संचालित डिजीटल न्यूजपेपर

# बरही पश्चिमी जिला परिषद के शिक्षित,योग्य, कर्मठ, अनुभवी एवं गरीबो का मसीहा, भावी उम्मीदवार श्रीमती कुंती देवी (शिक्षिका) का संकल्प,

---

## बरही पश्चिमी जिला परिषद क्षेत्र को आदर्श जिला परिषद बनाना है।

**शिक्षा, स्वास्थ्य, सिंचाई व स्वरोजगार पर जोर, बरही चौक का सुंदरीकरण हमारी प्राथमिकता**



श्रीमती कुंती देवी
भावी जिला परिषद प्रत्याशी
बरही पश्चिमी भाग

### हमारा विजन, सोच एवं हमारा लक्ष्य

1. बरही के प्रवासी मजदूरों के लिए बरही क्षेत्र में ही स्वरोजगार की व्यवस्था करना।
2. स्वयं सहायता समूह को बढावा देकर महिलाओं को स्वरोजगार से जोडना एवं महिला सशक्तिकरण पर जोर।
3. छात्र युवाओं के लिए तकनीकी शिक्षा की व्यवस्था कर स्वरोगार की व्यवस्था करना।
4. लघु एवं कुटीर उद्योग को बढावा देना।
5. बरही में पॉलटेक्निक कॉलेज एवं महिला कॉलेज की स्थापना।
6. बुजुर्गो एवं विधवा महिलाओं को प्राथमिकता के आधार पर वृद्धावस्था, समजिक सुरक्षा पेंशन उपलब्ध कराना
7. गरीब असहाय बुजुर्गो के लिए आवासीय आश्रम की व्यवस्था सरकारी सहयोग से करना ।
8. खेल एवं खिलाडियों के विकास के लिए खेल सामग्री एवं बरही में संसाधन युक्त एक खेल स्टेडियम का निर्माण करवाना
9. रियाडा प्रक्षेत्र में स्थानीय लोगों को रोजगार उपलब्ध कराना
10. बरही के जलाशयों से सिंचाई की व्यवस्था कराने पर रहेगा जोर



तापेश्वर प्रसाद
समाजसेवी ,
बरही पश्चिमी भाग

## वायदे ही नही इरादे भी, नई सोच के साथ बरही का विकास भी, आइए हम सब मिलकर बरही के विकास के लिए श्रीमती कुंती देवी को साथ दें ।

**निवेदक: बरही पश्चिमी जिप क्षेत्र की जनता**

सच का साथी
# अपेम लाइव न्यूज
बरही से प्रकाशित एवं संचालित डिजीटल न्यूजपेपर







## कोनरा पंचायत के भावी मुखिया उम्मीदवार सैरा खातून का संकल्प : कोनरा पंचायत को आदर्श पंचायत बनाना ।



सैरा खातुन, कोनरा मुखिया प्रत्याशी

सैरा खातुन को समर्थन कर उनके हाथों को करें मजबूत,
शुभ दीपावली



रामदेव साव सुभाष पासवान मंटु सिंह



कुनाल कतरियार बिनोद कुमार टुन्नू केशरी

### हमारा संकल्प, वायदे ही नही इरादे भी,

1. कोनरा पंचायत को आदर्श पंचायत बनाना
2. कोनरा पंचायत के गरीब बच्चियों की शादी विवाह के लिए फंड की व्यवस्था करना,
3. रियाडा में विस्थापित रैयतो को प्राथमिकता के साथ रोजगार दिलाना
4. गरीब मेधावी बच्चों एवं बच्चियों की निःशुल्क शिक्षा की व्यवस्था करना,
5. कोनरा पंचायत में सभी धर्म, जाति संप्रदाय के बीच आपसी भाईचारगी कायम रखना,
6. गरीब, विधवा, बुजुर्ग को पेंशन दिलाना
7. जरूरतमंद गरीब को राशन कार्ड उपलब्ध कराना
8. बिना किसी भेदभाव के सभी के विकास के लिए काम करना



## पीरटांड़ प्रखंड के चंपानगर में मेला का हुआ आयोजन।

**अपेम लाइव : गिहिंडिह**
**प्रमोद कुमार गुप्ता**



मेले मे आनन्द लेते बच्चे

गिरीडीह जिला के पीरटांड़ प्रखंड में ग्राम चंपानगर में मेले का आयोजन किया गया।जिसमे मेले में काफी भीड़ देखी गई।जो कोरोना के गाइड लाइन का धजिया उड़ाते देखा गया ,कोई भी व्यक्ति मास नही लगया था,और नाही सोशल डि. स्टेंस का नियम का पालन कर रहा था।किसी को कोई डर नही था। राज्य में लगातार कोरोना का मामला बढ़ रहा है मगर जिला प्रसासन सोई हुई है।और न किसी ने भी इस मेले पर रोक लगाई।लेकिन इस वर्ष मेले के अध्यक्ष के द्वारा मेले का आयोजन पर रोक लगाई गई।फिर भी लोकल दुकानदार के द्वारा मेला लगया गया। लोकल दुकानदार के द्वारा जो मेले में रोक लगाई गई थी। लोगो ने उसे नकार दिया।बताया जाता कि यह मेला हर साल 15 जनवरी से 17 जनवरी तक मेला लगता है।जिसमे काफी भीड़ होती है।यह मेला पालगंज के राजा पार्श्वनाथ के द्वारा मकर संक्रांति के शुभअवसर पर लगया जाता था।मेले में हर साल की भांति इस वर्ष कुछ भीड़ कम थी।लेकिन कोरोना की गाइड लाइन की धज्जियां उड़ाते देखा गया।

## पूस पूर्णिमा पर श्रद्धालुओं ने बराकर नदी में लगाई डुबकी

**अपेम लाइव : गिहिंडिह**
**प्रमोद कुमार गुप्ता**



बराकर नदी मे डुबकी लगाते श्रद्धालु

बाबा बराकर धाम में श्रद्धालुओं ने पूस पूर्णिमा में उतर वह्नि बराकर में लगाई डुबकी।और बाबा भोलेनाथ को किया जल अर्पण, मकर संक्रांति के अंत होने के बाद श्रद्धलुओं बाबा बराकर धाम आते है और पूजा करते है।यहाँ के पुजारी सुनील पांडेय ने बताया कि यह नदी उतर वह्नि होने के साथ ही यह एक पवित्र नदियो में समझा जाता है लोग।पूस पूर्णिमा में पहले बराकर नदी में स्नान करते है फिर बाबा को जल अर्पण करते है। जिससे उन्हें सुख शांति का अहसास होता है। बहुत से लोग बच्चो का बाल मुंडन करवाने आते है।लेकिन सरकार द्वारा कोरोना के गाइडलाइन आने के बाद और बीमारी लगातार बढ़ने के बाद इस वर्ष कम श्राध्लु आ रहे है।और हमारे मंदिर प्रसासन के द्वारा नियम का पालन भी किया जा रहा है। वैसे हमलोग ब्राह्मण का मुख्य वेवस्य मंदिर से ही होता है। मोके पर मंदिर अध्यक्ष विनोद रॉय, पुजारी सुनील पांडेय, प्रभकार पांडेय, अजित पांडेय, अभिषेक पांडेय आदि उपस्थित थे।

## बिरनी में सम्मान सामारोह का आयोजन किया गया

**अपेम लाइव : बिरनी**
**सब्बा अहमद**



नवनिर्वाचित सदस्य व उपस्थित लोग

बिरनी प्रखण्ड मुख्यालय स्थित मोदी विवाह भवन में सोमवार को सभी नव निर्वाचित विससूत्री सदस्यों को माल्यार्पण कर स्वागत किया गया इस कार्यक्रम में झामुमो व कोंग्रेस के कार्यकर्ता उपस्थित थे।इस सामारोह में बिस सूत्री अध्यक्ष एतवारी वर्मा उपाध्यक्ष प्रमोद कुमार राय व सदस्य में रामकृष्ण वर्मा अर्जुन कुमार मण्डल मजीद अंसारी असलम मल्लिक सुगदेव दास को माल्यार्पण कर स्वागत किया गया।इस सामारोह में कोंग्रेस जिला अध्यछ नरेश वर्मा ने कहा कि राज्य सरकार के द्वारा जो नव चयनित विससूत्री कमिटी के गठन किया गया है वह स्वागत योग्य है इसी को लेकर आज एक स्वागत सामारोह का आयोजन किया है इस विससूत्री कमिटी के सहयोग से सरकार की योजना को धरातल पर उतारने में मदद मिलेगी सरकार के सभी कार्य को अच्छे ढंग से कार्य करने को मिलेगा क्योंकि राज्य में गठबंधन की सरकार है इसलिए इस विससूत्री कमिटी में झामुमो व कोंग्रेस के लोगो को रखा गया है।इस अवसर पर मुख्य रूप से कोंग्रेस जिला अध्यछ नरेश वर्मा बगोदर विधानसभा नेता दिलाबर अंसारी मुरली मनोहर मण्डल अभिनंदन प्रताप सिंह मो0 इकबाल अंसारी राजेन्द्र सिंह गुलाम सर्वर सलीम अंसारी समेत कई लोग उपस्थित थे।

## बरकट्ठा दक्षिणी पंचायत में योजना चयन को लेकर बैठक संपन्न

**अपेम लाइव : बरकठ्ठा**
**सुनील कुमार**



बरकट्ठा दक्षिणी में योजना चयन को लेकर ग्राम सभा मे शामिल लोग

बरकट्ठा : प्रखंड के बरकट्ठा दक्षिणी पंचायत सचिवालय में पंचायती राज विभाग के पत्रांक 1849 के आलोक में सबकी योजना सबकी विकास के तहत वित्तीय वर्ष 2022/23 के लिए योजना चयन को लेकर बैठक आयोजित की गई। बैठक कि अध्यक्षता मुखिया मुंशी पासवान ने किया। बैठक में पंचायत सचिव नागेश्वर प्रसाद यादव ने 15 वीं वित्त मद और मनरेगा योजना के विषय में विस्तार पूर्वक जानकारी दिया। वहीं बरकट्ठा दक्षिणी पंचायत के विकास को लेकर पीसीसी पथ, चाहरदीवारी, जल सोख्ता समेत कई योजनाओं का चयन किया गया। बैठक में उप मुखिया अब्बास अंसारी,वार्ड सदस्य प्रमोद यादव, बासदेव साव,इंद्रदेव मोदी,कविता देवी, लक्ष्मण तूरी,कलिया देवी,संतोष कुमार, गणेश रविदास, जागेश्वर प्रजापति, महावीर यादव, सरीता देवी, तारा देवी सुशीला देवी,सहिया क्रांति देवी समेत ग्रामीण उपस्थित थे।

## गांवा के सेरूवा सिमर बाबा पर लोगो का है आस्था, यहाँ आने वाले भक्तों की पूरी होती है मन्नतें

### समाज सेवी पवन बिहारी यादव ने सोन्द्रीयकर्ण का उठाया बीड़ा

**अपेम लाइव : गांवाँ**
**मुजाहिद अली**




गिरिडीह के सुदूर ग्रामीण क्षेत्र गांवा प्रखंड के शेरूवा में स्थित प्राचीन काल से सेरुआ सिमर बाबा के नाम से प्रसिद्ध स्थल में बड़ी श्रद्धा से लोग पूजा अर्चना और मन्नतें मांगने आते हैं। यहां के पुजारी कहते हैं कि यहां सोमवार बुधवार और शुक्रवार को पूजा होता है। जो लोग मन्नत मांगते हैं उनकी मन्नत पूरी होती है तो यहां सफेद बकरे या सफेद मुर्गे की बलि देते हैं। यह परंपरा प्राचीन काल से ही चला आ रहा है। छोटे से जगह होने के कारण स्थान प्रसिद्ध नहीं हो पाया है परंतु इस जगह को प्रसिद्ध और पहचान देने के उद्देश्य से गिरिडीह जिले के देवरी प्रखंड के मानिक बाग के रहने वाले समाजसेवी पवन बिहारी यादव ने बीड़ा उठाया है। उन्होंने इस स्थान को चारों तरफ सुंदरीकरण करने का मन में ठान लिया है, इसको लेकर यहां के स्थानीय लोगों से भी काफी उनको सहयोग मिल रहा है। आज पौष पूर्णिमा के दिन समाजसेवी पवन बिहारी के द्वारा पूजा अर्चना के बाद चारदीवारी का नीव रखा गया है। जल्द ही इस पूरे मंदिर परिसर व चारदीवारी और पूरी तरह से सुंदरीकरण कार्य किया जाएगा। स्थानीय लोगों की माने तो यह स्थल बहुत ही मान्यता पूर्ण स्थल है।




APEM LIVE

सच का साथी
# अपेम लाइव न्यूज
बरही से प्रकाशित एवं संचालित डिजीटल न्यूजपेपर

## पूर्व विधायक ने कोरियाडीह में किया भक्ति जागरण का उदघाटन

**अपेम लाइव :चौपारण**
**किशोर कुमार**



बरही के पूर्व विधायक मनोज कुमार यादव ने डेबो पंचायत के कोरियाडीह में श्राद्ध कार्यक्रम में आयोजित भक्ति जागरण मंच का किया उदघाटन। कोरियाडीह निवासी महादेव यादव के मृतक माता जी के एकादशा कार्यक्रम पहुँच पूर्व विधायक ने मृतक के तस्वीर पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित किया। कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए पूर्व विधायक ने कहा कि जीवन यात्रा में मौत भी एक निश्चित प्रक्रिया है। मृतक आत्मा ने जरूर पुण्य का काम किया होगा जिस कारण आज उनके एकदशा कार्यक्रम में सैकड़ो लोग उपस्थित हुए है। पूर्व विधायक ने कहा कि जीवन मे आप पुण्य का काम करे ताकि आपके मृत्यु उपरांत आपका नेक कार्य अमर हो जाएं। इस दौरान डेबो मुखिया मोहन साव, युवा नेता कृष्णा यादव, भाजपा महामंत्री गिरजा साव, समा. जसेवी, कैलाश यादव, उमेश साव, विजय यादव, सुरेश साव, टुनटुन रविदास, सीताराम यादव, महादेव यादव सहित दर्जनों लोग उपस्थिति हुए

## पडरिया मुखिया ने किया टेंट हाउस का उदघाटन

**अपेम लाइव :चौपारण**
**किशोर कुमार**



इंगुनिया मोड़ पर अनीश टेंट हाउस का उद्घाटन पंचायत के मुखिया पप्पू कुमार, बेलाही मुखिया प्रतिनिधि मंटू सिंह, राम लगन सिंह, राम बृक्ष सिंह, अर्जुन सिंह, राम फल सिंह व जीप उम्मीदवार उगन्ति देवी ने संयुक्त रूप से फीता काट कर किया। इससे पहले वैदिक मंत्रोच्चार के साथ शिव कुमार पांडेय ने विधि-विधान के साथ पूजार्चना करवाया। इस बाबत संचालक लव कुमार सिंह ने कहा कि बदलते परिवेश में जिस तरह से लोगों के यहाँ कार्य हो रहे हैं उस तरह की व्यवस्था न मिलना मुझे इस कार्य के लिये प्रेरित किया। अब लोगों को उचित खर्च पर उत्तम समान मिल सके, यही मेरी प्राथमिकता होगी। मौके पर राम रक्षा सिंह, धनंजय सिंह, सत्रुहन सिंह, करुणा चंद्रवंशी, प्रकाश सिंह, दिलीप सिंह, बिनय चन्द्रवंशी, बिजय सिंह, उमेश सिंह, आदित्य सिंह, रवि सिंह, अमल किशोर सिंह, मनीष, राजन व विकास सहित कई लोग उपस्थित थे।

## प्रखंड स्तरीय जलसहिया संघ की बैठक संपन्न

**अपेम लाइव : बड़कागांव**
**अमित मालाकार**



कार्यक्रम में शामिल सोनू इराकी व जलसहिया

बड़कागांव प्रखंड अंतर्गत मुख्यालय परिसर में जल सहिया संघ की प्रखंड स्तरीय बैठक उर्मिला देवी की अध्यक्षता में की गई। संचालन नमिता कुमारी ने किया।जिसमें युवा समा. जसेवी शाहिद उर्फ सोनू उपस्थित हुए। उन्होंने कहा कि बड़कागांव एवं केरेडारी प्रखंड के जल सहियाओं की समस्या को लेकर पेयजल मंत्री एवं श्रम मंत्री सत्यानंद भोक्ता से 7 सूत्री मांगों को लेकर मुलाकात करेंगे। बैठक में मुख्य रूप से अंजू देवी, हकीमन निशा, सोनी कुमारी, अफसाना बेगम, कुमारी, बिना देवी, इंदू सुमन ,सुनीता देवी, लीला कुमारी, नीतू देवी आदि उपस्थित थे।

## भाजयुमो मंडल कार्यसमिति कि बैठक संपन्न, संगठन मजबूती पर चर्चा

**अपेम लाइव :चौपारण**
**किशोर कुमार**



भाजयुमो चौपारण पूर्वी एवम पश्चिमीमंडल की संयुक्त रूप से कार्यसमिति की बैठक मोर्चा के पश्चिमी मंडल अध्यक्ष आशीष कुमार गुप्ता की अध्यक्षता में आयोजित की गई। संचालन मोर्चा के पूर्वी मंडल अध्यक्ष रंजन सिंह ने किया। बैठक श्यामा प्रसाद मुखर्जी और दीन दयाल उपाध्याय जी के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर विधिवत प्रारंभ किया गया ।बैठक में बतौर प्रभारी सांसद प्रतिनिधि मुकुंद साव ने युवा के दायित्व पर विस्तृत चर्चा की और संघठन कि मजबूती का कई मन्त्र दिया। बतौर मुख्य अतिथि भाजपा मंडल अध्यक्ष मुकेश सिन्हा ने कार्यकर्ताओ को उत्साहित करते हुए कहा कि आप आगे बढ़े हम लोग आपके साथ है,कार्यक्रम को खाद्य आपूर्ति के सांसद प्रतिनिधि सुनील कुमार सिंह,तथा भा. जपा ओबीसी मोर्चा अध्यक्ष राजकुमार यादव ने भी लोगो को संबोधित किया,कार्यक्रम में विनय यादव,बिनोद राणा,मुनेश यादव,रामाधीन शाही,राज. कुमार सिंह, संदीप कुमार सुभाष राणा, दीपक कुमार, पिंटू सोनी, उपेंद्र प्रजापति, गोलू कुमार, अमृत कुमार, नागेश्वर शर्मा, उमेश कुमार गुप्ता, सहित कई लोग शामिल थे धन्यवाद ज्ञापन मोर्चा के पश्चिमी मंडल महामंत्री उपेंद्र प्रजापति ने किया।

## कान्हाचट्टी बढ़ी कनकनी,ग्रामीणों ने प्रखण्ड प्रशासान से किया अलाव की जलाने की मांग, चार बजते ही चौक चौराहों पर पसर जा रही है सन्नाटा

**अपेम लाइव : कान्हाचट्टी**
**प्रमोद सिंह**



कान्हाचट्टी प्रखण्ड में ही नहीं पूरे जिले में कनकनी और पछुवा हवा ने लोगो को जीना मुश्किल कर दिया है।ठंड और कनकनी भी इतनी ज्यादा की शाम होते ही चौक चौराहों पर सन्नाटा पसरा है। लोग शाम होते ही घरों में दुब. कने को मजबूर हो रहे हैं।सबसे ज्यादा ठण्ड का असर बुजुर्गो और बूढ़े जानवरो पर पड़ रहा है।ठंड पर बुजुर्गो ने ठीक ही कहा है कि (चेंगवाईन के छुबौ नै,जवनका हौ पीठ भाई, बुजुर्ग के छोडबो नै केतनो ओढतो रजाई) और इस ठंड में ये कहावत चरितार्थ हो रहा है।इधर जिस कदर ठंड बढ़ गया है लोगो को मुंसी प्रेमचंद द्वारा लिखित पूस की रात कहानी लोगो को याद हो जा रहा है।. जसमे प्रेमचंद ने एक गरीब किसान की ठंड में ठिठुरते हुए कैसे अपने फसलों को नीलगायों से बचाया था,उसका चरित्र चित्रण किया था।लेकिन आज भी उस गरीब किसानों को वही हाल है जिसमे इस कड़कड़ाती ठंड में भी किसान लाबारिस जानवरो से फसल को बचाने के लिए रात को इस बढ़ी हुई कनकनी में भी खेत की फसल को बचाने की कवायद करते रहते हैं।ग्रामीणों ने प्रखण्ड प्रशासन एवं जिला प्रशासन से चौक चौराहों पर अलाव जलाने की मांग किये हैं।

## उत्साह पूर्वक स्कूली बच्चों ने लिया वैक्सीन, डॉ ललन प्रसाद स्कुल में लगा शिविर

**अपेम लाइव :चौपारण**
**किशोर कुमार**



चौपारण प्रखण्ड के चतरा रोड के सिंहपुर में कस्तूरबा जन जागरण समिति द्वारा संचालित ड० ललन बाबू कस्तूरबगांधी + 2 उच्च विद्यालय में कोविड 19 के वैक्सीनेशन को लेकर शिबिर का आयोजन हुआ। शिविर का शुभारंभ कस्तूरबगांधी +2 उच्च विद्यालय के वर्ग दशम की छात्रा सरवत फैयाज ने टिका लगवाकर की। शिविर में 15 + के 90 छात्र छात्राओं ने कोरोना के टिका का पहला डोज लगवाया । सभी को कोवक्सीन कम्पनी का टीका लगा है। ये सभी 28 दिन के बाद वैक्सीन का दूसरा डोज लगवा सकते हैं। टिका लेने में लड़कों से ज्यादा लड़कियों ने रुचि दिखाई। टिका स्वास्थ्य टीम से आए लक्ष्मण कुमार और एएनएम प्रियंका कुमारी के देख रेख में समपन्न हुआ। वहीं सामुदायिक अस्पताल चौपारण के बीपीएम द्वारा बताया गया कि आज भी वैक्सीनेशन को कस्तूरबागांधी + 2 उच्च विद्यालय ,सिंहपुर कैम्प लगेगा। छूटे हुए सभी बच्चे आज अवश्य टिका लगवा लें। वहीं इस दौरान विद्यालय के शिक्षक भोला दांगी, सुग्रीव रजक, आशीष सिन्हा, अनिता मैम, सुधीर कुमार पांडेय, सयुम अंसारी, मो कौसर , ललिता मिस, कृष्णा राणा, आदित्य हजाम सहित अन्य भी उपस्थित रहे।

APEM LIVE



सच का साथी
# अपेम लाइव न्यूज
बरही से प्रकाशित एवं संचालित डिजीटल न्यूजपेपर

## परसौनी के ग्रामीणों ने दिया आपसी सौहार्द का परिचय

**अपेम लाइव : कान्हाचट्टी**
**प्रमोद सिंह**



इटखोरी थाना अंतर्गत परसौनी पंचायत के परसौनी ग्राम में दो दिन पूर्व दो समुदाय के बीच झड़प की खबर से पूरे प्रखण्ड के लोग मर्माहत थे। प्रखण्ड के लोगों का कहना था कि इटखोरी प्रखण्ड में कभी भी दो धर्म के लोग आपस मे टकराव नही करते यंहा एक दूसरे के त्योहारों एवं खुशियों में सभी सामिल हो उसका हिस्सा बनते रहे है किन्तु खेल मैदान एवं कब्रगाह के विवाद से उतपन्न स्थिति ने दो विशेष समुदाय के बीच द्वेष का माहौल बना दिया जिसे सुलझाने को लेकर सोमवार इटखोरी प्रखण्ड मुख्यालय में अनुमंडल पदाधिकारी मुमताज अंसारी की उपस्थिति में समन्वय बैठक रखा गया। बैठक में दोनो समुदायों से उपस्थित प्रति. निधियों ने पदाधिकारियों की उपस्थिति में पुनः पूर्व की भांति सम्बंध स्थापित रखते हुए बिना हो हंगामा अपने अपने पक्ष को रखा एवं अनुमंडल पदाधिकारी के द्वारा अंत मे दिए गए निर्णय को सर्वसम्मति से मान लिया। अनुमंडल पदाधिकारी ने बतलाया कि पांच प्रस्ताव लिए गए है जिनमे सबों की सहभागिता है एवं मंगलवार सुबह उक्त विवादित भूमि पर दोनो पक्षों से चयनित कुल बारह सदस्य (दोनो पक्षों से छः छः सदस्य)की उपस्थिति में शांतिपूर्ण तरीके से भ. ूमिमापी का कार्य कर उन्हें अपने अपने सीमांकन में कार्य करने की अनुमति दे दी जाएगी जिसमें उक्त जमीन का कुछ हिस्सा कब्रगाह एवं बाकी हिस्से में खेल मैदान होगा।मालूम हो कि शनिवार को इसी जमीन पर खेल एवं शव दफनाने को लेकर काफी हंगामा हुआ था जिसके बाद जिला एवं प्रखण्ड प्रशासन की उपस्थिति में मृतक का शव दफनाया गया था।

## मजदूरों की वापसी को लेकर ट्विटर पर रेस हुए कई मंत्री व विधायक

**अपेम लाइव : विष्णुगढ़**
**मिथिलेश गोल्डी**

अफ्रीकी देश माली में झारखंड के फंसे 33 मजदूरों के वतन वापसी को लेकर झारखंड के कई मंत्री व विधायक ट्विटर पर रेस हो गए हैं। इनमें शिक्षा सह उत्पाद विभाग के मंत्री जगरनाथ महतो, परिवहन मंत्री चंपई सोरेन, श्रम मंत्री सत्यानंद भोक्ता, भाजपा के पूर्व विधायक कुणाल षाड़ंगी, मांडू विधायक सह पूर्व मंत्री जयप्रकाश भाई पटेल आदि शामिल हैं। इन नेताओं ने ट्विट कर क्षेत्र के फंसे मज. दूरों को वापस लाने की गुहार लगाई है। मामले में मंत्री जगरनाथ महतो ने विदेश मंत्री डॉ० एस जयशंकर एवं मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को ट्विट किया है। कहा है कि मजदूरों की वापसी में मदद की




आवश्यकता है। वहीं, मंत्री चंपई सोरेन ने विदेश मंत्री को ट्विट करते हुए लिखा है कि हमारे झारखंड के कुछ मजदूर अफ्रीकी देश माली में फंसे हुए हैं। ऐसे मामलों में आपने हमेशा सहयोग किया है। अतः इनकी सुरक्षित वापसी का इंतजाम किया जाए। श्रम मंत्री सत्यानंद भोक्ता ने ट्विट किया है कि मामले को संज्ञान में लेकर त्वरित उचित कार्रवाई करने हेतु राज्य प्रवासी नियंत्रण कक्ष को निर्देशित किया हूं। हमारे श्रमिक कहीं भी रहे, उनकी सुरक्षा हमारी जिम्मेदारी है। भाजपा के पूर्व विधायक कुणाल षाड़ंगी ने भी विदेश मंत्री डॉ० एस जयशंकर, भारतीय दूतावास, माली में भारतीय दूतावास आदि को ट्विट कर कहा है कि झारखंड के फंसे प्रवासी मजदूरों की मदद की जाए। उन्हें बीते तीन महीनों से सैलरी नहीं मिली है और वे बड़ी दयनीय स्थिति में हैं। वे अपने घर लौटना चाहते हैं। मांडू विधायक जयप्रकाश पटेल ने भी ट्विट के जरिए विदेश मंत्री तथा पीएमओ से अपील करते हुए कहा है कि जल्द से जल्द इन मजदूरों को अपने वतन वापसी कराया जाए।

## बादम कुशवाहा समाज का गठन संतोष मेहता अध्यक्ष एवं संतोष कुशवाहा सचिव चुने गए

**अपेम लाइव : बड़कागांव**
**अमित मालाकार**


चुने गए नवचयनित पदाधिकारी गण

बड़कागांव प्रखंड के बादम पंचायत अंतर्गत पंचवाहिनी मंदिर प्रांगण में कुशवाहा समाज के पुनर्गठन को लेकर समाज की बैठक की गई। जिसकी अध्यक्षता नीरू प्रसाद ने किया। चुनाव प्रयवेक्षक पूर्व डीएसपी जगदीश चौधरी, बिंदेश्वरी महतो, भूदेव महतो, कार्तिक महतो, अजय कुमार वर्मा, के देख रेख़ में शांति पूर्वक चुनाव संपन्न हुआ। चुनाव से पूर्व अध्यक्ष फुलेश्वर महतो के द्वारा एक साल का लेखा-जोखा प्रस्तुत किया गया । तत्पश्चात चुनाव में सर्वसम्मति से संतोष कुमार मेहता को अध्यक्ष एवं संतोष कुमार कुशवाहा को सचिव चुना गया। वही बैजनाथ कुमार को कोषाध्यक्ष एवं नवयुवक अध्यक्ष के रूप में मुरली प्रसाद दांगी का चयन किया गया।

## रोजगार को लेकर मंत्री सत्यानंद भोक्ता से लोगों ने की मुलाकात

**अपेम लाइव : बड़कागांव**
**अमित मालाकार**


सत्यानंद भोक्ता से मुलाकात करते लोग

बड़कागांव प्रखंड बादम पंचायत युवा नेता फैसल खान ने झारखंड के श्रम मंत्री सत्यानंद भोक्ता से मिलकर क्षेत्र में बेरोजगारी को लेकर चर्चा की। बड़कागांव प्रखंड में 75ः स्थानीय प्रभावित क्षेत्र के लोगों को रोजगार देने की मांग की गई। श्री फैशन ने कहा है कि बड़कागांव प्रखंड की हर समस्या का समाधान करने के लिए 24 घंटा जनता के लिए खड़ा हूं। बादम पंचायत की व्याप्त समस्या को लेकर मंत्री को अवगत कराया । मौके पर उपस्थित लोगों में मुख्य रूप से फैसल खान, मोहम्मद तारिक, सुदागर वर्मा, मोहम्मद आसिफ, मोहम्मद मुख्तार आलम के अलावा कई लोग उपस्थित थे।

## मांडू विस सांसद प्रतिनिधि को पुत्रशोक

**अपेम लाइव : विष्णुगढ़**
**मिथिलेश गोल्डी**

मांडू विधानसभा के सांसद प्रतिनिधि विष्णुगढ़ निवासी विपिन कुमार सिन्हा के बड़े पुत्र साकेत सिन्हा उर्फ राजा (17) का देहांत रविवार की रात हो गया। वे इंटर का छात्र था। बताया जाता है कि रात के भोजन के उपरांत अचानक उनके सीने में दर्द का अहसास हुआ। स्थानीय अस्पताल ले जाने पर चिकित्सक ने मृत घोषित कर दिया। उनके निधन की खबर से शोक की लहर दौड़ गई। सोमवार को जमुनियां नदी मुक्तिधाम में उसका अंतिम संस्कार किया गया। मांडू विधायक जेपी समेत समेत कई लोगों ने उनके परिजनों को सांत्वना दी है। शोक जताने वालों में गुरू प्रसाद साव, मुखिया संजय कसेरा, केबी मंडल, नारायण महतो, राजू श्रीवास्तव, डोमन गुप्ता, सुधीर सिंह, दीपू अकेला, शंकर स्वर्णकार समेत कई लोग शामिल हैं।

APEM LIVE




